जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2015/3263 दिनांकः16.06.2015

प्रति, **// संशोधित सूचना //**

प्राचार्य,
समस्त सम्बंधित शिक्षा महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

विषयः– बी0एड0 सत्र् 2014–15 के प्रायोगिक/सेशनल परीक्षा के अंक भेजने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांर्तगत निर्देशानुसार आपको अवगत कराया जाता है कि बी0एड0 परीक्षा सत्र 2014–15 के प्रायोगिक/सेशनल परीक्षा सम्पन्न कराकर उनके अंक दिनांक 18.06.2015 तक आवश्यक रूप से ऑन लाईन अपलोड कराने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था।

उक्त तिथि में संशोधन करते हुये आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.07.2015 तक बी0एड0 प्रायोगिक/सेशनल परीक्षा के अंक ऑन लाईन अपलोड करने हेतु तिथि बढ़ाई जाती है।

अतः आप उसकी हार्ड कॉपी मूल परीक्षकों से हस्ताक्षरयुक्त कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय कार्यालय के गोपनीय विभाग में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त प्रायोगिक एवं सेशनल परीक्षा में यदि किसी परीक्षार्थी को महाविद्यालय द्वारा अनुपस्थित दर्शाया जाता है तो महाविद्यालय द्वारा पुनः भेजे गये अंकों को मान्य नहीं किया जा सकेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी। यदि महाविद्यालयों द्वारा उक्त परीक्षाओं से सम्बंधित परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत कोई भी अंक भेजे जाते हैं, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्थिति में मान्य नहीं किये जायेंगे।

परीक्षा नियंत्रक